हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 4 दिसंबर 2024



तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 भाजपा सरकार प्रतिदिन नए नियम लाकर किसानों को परेशान ...



11 शासकीय विद्यालय देवरी ख में राष्ट्रीय सांस्कृतिक ...



## खबर संक्षेप

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन में पहुंचे दीपक-ताराचंद साहू



**बेमेतरा।** जिला साहू संघ ने टाउन हॉल में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सम्मेलन में अतिथि के तौर पर शामिल होने पहुंचे हस्तशिल्प बोर्ड छ.ग.शासन के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू का युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ के सहसंयोजक सोनू साहू के नेतृत्व में शहर स्थित विश्राम गृह में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर साहू समाज के देवा साहू,गौकरण साहू, नूतन साहू सरपंच,दिनेश साहू, मोंटी साहू, देवेंद्र साहू, कृष्णा साहू, थानेश्वर साहू,नितेश साहू, शिव साहू, डॉ.विनय साहू, रमेश साहू सहित युवा प्रकोष्ठ एवं सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### दाढ़ी सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष गयाराम ने ली शपथ



**दाढ़ी।** नगर पंचायत दाढ़ी स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित के अध्यक्ष पर गयाराम चंद्राकर मनोनीत किए गए। सोमवार आयोजित कार्यक्रम में श्री चंद्राकर ने किसानों व भाजपा नेताओं की मौजूदगी शपथ ली। इस अवसर विधायक प्रतिनिधि राकेश जैन, सोसायटी शाखा प्रबंधक सहित भगेला चन्द्राकर, मोहित साहू, शिवा तिवारी, धनेश चन्द्राकर, सूरज साहू, राजाराम ठाकुर, कृष्णा साहू, संतोष साहू, पेखन चन्द्राकर, राकेश साहू, तारकेश्वर चन्द्राकर, तुलसी चन्द्राकर, इंद्रासन रजक, रोहित साहू, हरिकिशन जायसवाल, शिवलाल जायसवाल, ईश्वर साहू, करन, अजय साहू, प्रमोद चन्द्राकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### समाज सेवी मनील सिंह व जितेन्द्र ने स्कूल में दिया पंखा

**बेमेतरा।** जिले के हाई स्कूल लावतरा (बेरला) में स्कूल संचालन, शैक्षणिक वातावरण से प्रभावित होकर समाज सेवी मनील सिंह ठाकुर, जितेन्द्र ढीमर ने अध्ययनरत छात्रों के उत्साहवर्धन व गर्मी से राहत के लिए स्कूल के प्रभारी प्राचार्य भुवन लाल साहू राज्यपाल पुरस्कृत को दो पंखे स्कूल के लिए भेंट किए। साथ ही भविष्य में भी आवश्कता होने पर और भी सहयोग करने का आश्वासन दिया। विदित हो प्र.प्राचार्य सहित शिक्षक जनभागीदारी से विभिन्न कार्य कर स्कूल विकास को गति प्रदान कर रहे हैं। भेंट के दौरान विद्यालय के शिक्षकों के साथ ही मनोज बक्सी, अजय शर्मा भी मौजूद रहे।

### निर्वाचन कार्य के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले के नगरीय निकायों एवं पंचायतों में निर्वाचक नामावली तैयार/पुनरीक्षित किये जाने का कार्य जारी है। इसके लिए जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार को अपने प्रभारक्षेत्र के निकाय एवं पंचायत का सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राप्त दावा आपत्ति के संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध निर्वाचन नियम के अनुसार अपील का प्रावधान है। गुड्डू लाल जगत अपर कलेक्टर बेमेतरा को अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है, जो व्यथित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने और समुचित जांच उपरांत अपील पर उपयुक्त आदेश पारित करेंगे।

# बच्चों की उपलब्धि व उनकी दक्षता को जानने 92 स्कूलों में परख सर्वेक्षण आज

## कक्षा 3, 6 व 9 के बच्चों की दक्षता की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, एनसीईआरटी और राज्य के एससीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही परख सर्वेक्षण 2024 आज 4 दिसंबर को पूरे राज्य में एक साथ आयोजित की जा रही है। डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे एवं डीएमसी नरेंद्र वर्मा के निर्देशन में की जा रही इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों की उपलब्धि उनकी दक्षता को जानना है। बच्चों में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान की कितनी समझ विकसित हुई है, इसे जानना और समझना ही इस सर्वेक्षण का उद्देश्य है। इस सर्वेक्षण के लिए कक्षा तीसरी, कक्षा छठवीं और कक्षा नवमीं के बच्चों को इस सर्वेक्षण में शामिल किया गया है। इस सर्वेक्षण में तीन तरह के स्कूलों को शामिल किया गया है। राज्य शासन द्वारा संचालित 45 स्कूल, केंद्र शासन द्वारा संचालित केंद्रीय विद्यालय 1 (जवाहर नवोदय विद्यालय) और 46 निजी विद्यालयों को शामिल किया गया है।इसमें हिंदी माध्यम के 71 स्कूल और अंग्रेजी माध्यम के 21 स्कूल का चयन किया गया है। कक्षा तीसरी के लिए कुल 31 स्कूलों में, कक्षा छठवीं के लिए 28 स्कूलों में, कक्षा नवमी के लिए 33 स्कूलों में सर्वे किया जाएगा। विकास खंड अनुसार स्कूलों की संख्या इस प्रकार है। बेरला विकासखंड के 26 स्कूल, बेमेतरा विकासखंड के 18 स्कूल, साजा विकासखंड की 23 स्कूल, और नवागढ़ ▶▶| शेष पेज 11 पर



### दो जिला नोडल अधिकारी बनाए गए

इसके लिए डाइट बेमेतरा के 92 डीएलएड के छात्राध्यापकों को फील्ड इन्वेस्टिगेटर बनाया गया है। डाइट बेमेतरा से दो जिला नोडल अधिकारी थलज कुमार साहू और राजकुमार वर्मा को बनाया गया है। जबकि सीबीएसई के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य लक्ष्मी सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के नेतृत्व में मॉनिटरिंग टीम बनाई गई है। साथ ही एससीईआरटी रायपुर की ओर से बेमेतरा जिले की प्रभारी पुष्पा चंद्रा के नेतृत्व में भी टीम मॉनिटरिंग के लिए बेमेतरा जिले में आएगी।

## विरोध : हिन्दू चेतना मंच के आह्वान पर पुराना बस स्टैंड के पास किया गया प्रदर्शन

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार का विरोध सड़क पर उतरे लोग, निकाली आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हिन्दू चेतना मंच के आह्वान पर मंगलवार जिला मुख्यालय पुराना बस स्टैड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के समीप हिन्दू चेतना मंच सदस्य व नागरिक ने बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदायों पर हो रहे अत्याचारों के प्रति अपनी गहरी चिंता जताते हुए विरोध व्यक्त करते हुए जन आक्रोश सभा की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में वर्तमान में जो अत्याचार चल रहे हैं, वे न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं, बल्कि इनसे हमारे साझा सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्य भी आहत हो रहे हैं । भारत देश हमेशा से विभिन्न धर्मों संस्कृतियों और आस्थाओं का संगम रहा है। बांग्लादेश भी हमारे इतिहास, संस्कृति और समाज का एक अभिन्न हिस्सा है। फिर भी, वहाँ पर हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदायों के खिलाफ हो रहे घृणित हमलों और अत्याचारों ने हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। हाल में हुई में हुई कुछ घटनाओं ने हमें गहरे आघात पहुँचाया है, जिनमें विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों पर किए गए हमलों की एक श्रृंखला शामिल है। इसमें पहली घटना 28 नवंबर के दिन ढाका के इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास के लिए महाप्रसाद लेकर जा रहे दो हिंदू श्रद्धालुओं को केवल उनके धार्मिक कर्तव्यों को निभाने के कारण गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरी घटना 27 नवंबर हिंदू दुकानदार पर हमला कर उसकी दुकान को लूट लिया गया, जिससे उसका ▶▶| शेष पेज 11 पर






### राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

हिन्दू चेतना मंच के बैनर तले राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा गया कि बांग्लादेश में हजारों हिंदू, बौद्ध और ईसाई परिवारों को विस्थापित किया गया है और उनके धार्मिक स्थलों को तोड़ा गया है। उनकी सांस्कृतिक और धार्मिक स्वतंत्रता पर हमले किए जा रहे हैं, जो न केवल बांग्लादेश के संविधान और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं, बल्कि हमारे समग्र मानवता के लिए भी एक खतरा हैं। भारत सरकार बांग्लादेश के साथ उच्च स्तरीय कूटनीतिक वार्ता कर इस मुद्दे को हल करने के लिए कार्य करे। बांग्लादेश सरकार से यह सुनिश्चित कराया जाए कि वह हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, धार्मिक स्वतंत्रता, और उनके नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए। जिन हिंदू परिवारों को उनकी जमीन और घरों से बेदखल किया गया है, उन्हें उनके मूल स्थानों पर पुनर्स्थापित किया जाए और उनकी संपत्तियों को वापस दिलाया जाए। बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों, पूजा स्थलों और धार्मिक ग्रंथों की रक्षा सुनिश्चित की जाए और इन्हें अंतरराष्ट्रीय धरोहर के रूप में मान्यता दी जाए। भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश सरकार पर दबाव डाला जाए ▶▶| शेष पेज 11 पर

# आठ माह पहले मिली थी महिला की लाश, आज तक आगे नहीं बढ़ी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी




- परपोड़ी थाना क्षेत्र का मामला

प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर कई आदेश जारी किए गए है, क्योंकि आए दिन महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। पीड़ित महिलाएं न्याय के लिए पुलिस के पास जाती हैं, लेकिन लंबे समय तक न्याय नहीं मिल पाना महिलाओं के प्रति अपराध को बढ़ावा दे रहा है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और महिलाओं के खिलाफ अपराध दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं।

परपोड़ी थाना के अंतर्गत लगभग 8 माह पूर्व नवविवाहिता रेशमी वर्मा की लाश मिली थी। उनके मायके वालों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई थी, लेकिन आठ माह से आरोपी का पता नहीं है। मृतका का मायका ग्राम कुरलू है, जो परपोड़ी थाने से कुछ किलोमीटर की दूरी पर है। लेकिन फिर भी जांच को गति नहीं मिल पाई। आज भी मृतका के परिजन इंसाफ के लिए भटक रहे हैं। लाश का नजदीक के खलिहान में पाया जाना हत्या की आशंका को मजबूत करता है। मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद मृतका के मायके वालों के साथ ही ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई थी। वहीं, घटना के बाद से ही मृतक का पति ओमप्रकाश वर्मा गायब है। इसलिए हत्या की आशंका को बल मिला है। वहीं, पुलिस 8 माह बाद भी उसके पति को खोज नहीं पाई है, जिससे जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है। पुलिस की इस तरह की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

### एसपी का निर्देश भी नहीं आया काम

लगभग आठ माह पूर्व हुई सनसनीखेज हत्या के बाद एसपी बेमेतरा अपने लाव लश्कर के साथ परपोड़ी थाने के दौरे पर आए थे। फॉरेंसिक जांच व पूछताछ को लेकर निर्देश भी दिए। पीड़ितों को लगा कि उन्हें न्याय मिलेगा लेकिन महीनों गुजर गए। आखिर उच्च अधिकारी के आदेश का पालन भी परपोड़ी थाने में नहीं हो रहा है। इससे लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि कहीं दूसरे पक्ष का कोई आंतरिक दबाव तो नहीं है। आरोपी तक पुलिस का नहीं पहुंच पाने से कई सवाल उठ रहे हैं।

## योग्य व पात्र अधिकारी व कर्मचारियों को पदोन्नत करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने पदोन्नति के पदों पर प्रभारवाद को समाप्त करने की मांग को लेकर कलेक्टर के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास, कृषि के साथ-साथ लगभग सभी विभागों में पदोन्नति के पद रिक्त है और पदोन्नति के राजपत्रित अधिकारियों के पदों पर प्रभारवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य कर्मचारी संघ इसका विरोध करता है और इस प्रथा पर तत्काल रोक लगाकर योग्य, पात्र अधिकारियों, कर्मचारियों को पदोन्नत करने की मांग करता है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रांतीय संगठन मंत्री बोधी राम निषाद, जिला अध्यक्ष नालेश्वर साहू, ब्लॉक संयोजक राजकुमार साहू, कमलेश निषाद, मुकेश देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय महिला खेलकूद में हसदा की बालिकाएं दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ज़िला मुख्यालय स्थित विवेकानंद स्टेडियम कंतेली में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय महिला खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग मे बेरला ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसदा के फुटबॉल खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेरला विकासखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए हसदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। 9 से 18 आयु वर्ग की इस बालिका फुटबॉल टीम में डिंपल निषाद, लवन्या ध्रुव, दुलेश्वरी धिवर, याचना वर्मा, चेतावली निषाद, भुवनेश्वरी, होमेश्वरी निर्मलकर, जांहवीं, भूमिका साहू, कुसुम साहू, गोमती यादव, भानु विश्वकर्मा शामिल रहीं। विजयी खिलाड़ियों को शाला परिवार की ओर से उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इसमें मुख्य रूप से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम के संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा तथा अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या शिप्रा सरकार, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्राम हसदा के वरिष्ठ जनों में संध्या परगनिहा, बलिराम धिवर अध्यक्ष शाला विकास समिति, सरपंच तेजस्विनी पवन डहरिया, आकाश वर्मा, पंकज वर्मा, दिलीप वर्मा,मानचंद निर्मलकर, संकुल समन्वयक दीपक आडिल ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी। संस्था प्रमुख ने कहा कि ये खिलाड़ियों ▶▶| शेष पेज 11 पर

# मतदाता जागरुकता के लिए हुई रंगोली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली रैली




इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और समाज में लोकतंत्र की महत्ता और मतदान के अधिकार के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्राओं ने लोकतंत्र, मतदान और निष्पक्ष चुनाव जैसे विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता पर एक रैली भी निकाली गई, जिसमें छात्राओं ने लोकतंत्र की पहचान, जागरूक मतदाता जैसे संदेशों के माध्यम से समाज को जागरूक किया। इस अवसर पर स्वीप नोडल प्रभारी डॉ मेघा तिवारी ने मताधिकार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का वोट लोकतंत्र को मजबूत करता है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट के प्रयोग की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संचालन श्री दीनानाथ सारथी द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनिता गौतम की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अन्य लोगों को भी जागरूक करने की शपथ ली। मतदाता जागरूकता अभियान ने छात्राओं में लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी की भावना को मजबूत किया।

## स्वच्छ भारत मिशन योजना पर जिम्मेदार लगा रहे पलीता

# भेड़नी में सामुदायिक शौचालय में लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

शासन प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन एवं एक कदम स्वच्छता की ओर प्रदेशवासियों को जन जागरूता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आम जन जिले, विकासखण्ड, जनपद एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रचार प्रसार, नुक्कड़ नाट्य, कला संस्कृति एवं मुहैया व दिशा निर्देश के माध्यम से लोगों को जन जागरूकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

वहीं, जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत भेड़नी में इन दिनों ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय में ताला जड़ देने से स्वच्छता के प्रतीक पर मुहर लगा नजर आ रहे हैं। इसके कारण ग्रामीण शौच के लिए बाहर जाने के लिए मजबूर हो गए हैं। वहीं, सामुदायिक शौचालय के सामने कचरा व गंदगी पसरा हुआ है, जिनका साफ सफाई अब तक नहीं हुआ है। दूसरी तरफ पंचायत द्वारा दीवारों पर स्वच्छता जागरूकता को लेकर कई प्रकार के प्रचार प्रसार के माध्यम रंग रोगन किया गया है। इसमें हजारों व लाखों के खर्च कर दीवारों तक सिमट गए हैं। साथ ही शौचालय आये सबके काम, बच्चे बूढ़े और जवान, मिटे गंदगी भागे रोग, शौचालय का करे प्रयोग, सार्वजनिक शौचालय का देखभाल करे व अपने आस पास को स्वच्छ रखे इन सभी स्लोगन व नारे से स्वच्छता को लेकर रंग रोगन की किया गया। वहीं, पांच साल से ग्राम भेड़नी में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर तरस रहे हैं। ग्रामीण में इससे कई प्रकार की कथित सवाल उत्पन्न हो रहे हैं। साथ ही 15वें वित्त की राशियों का खुलेआम खिलवाड़ होने का प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं। वहीं, ग्राम पंचायत भेड़नी व आश्रित ग्राम डड़जरा में गलियों की साफ-सफाई नहीं होने पर नालियों से गंदगी की बू से ग्रामीण परेशान हैं। गलियों प्रतिदिन हजारों लीटर पानी लगातार बहते रहते हैं, जिससे वार्ड वासी में दहशत में हैं।




### चार पंचायत सचिवों को नोटिस जारी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल ने बीते 29 नवम्बर को विकासखण्ड नवागढ़ के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया था। उन्होंने शासन के योजनांतर्गत चल रहे निर्माण एवं प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अग्रवाल ने ग्राम टेमरी, परसदा, अमोरा एवं घुरसेना में ग्राम पंचायत द्वारा सामुदायिक शौचालय का रख-रखाव नहीं करने, टूट-फूट का मरम्मत एवं पानी सप्लाई की उचित व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण संबंधित ग्राम पंचायत के सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है एवं आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित करते हुए सामुदायिक शौचालय को क्रियाशील करने के लिए निर्देश दिए गए। इसके बावजूद ग्राम पंचायत भेड़नी के जनप्रतिनिधियों को सुध नहीं।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

**बेमेतरा।** परिवहन विभाग व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने के संबंध में 5 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे कार्यालय कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा क्रिया-कलापों की निगरानी, सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की निगरानी, सड़क दुर्घटना के कारणों को पहचानना और उनका अध्ययन, राष्ट्रीय/राज्यों सड़क सुरक्षा परिषद को सुझाव प्रदान करना, प्रोटोकॉल के अनुसार ब्लैक स्पॉटों की पहचान तथा सुधार से संबंधित कार्य की समीक्षा और निगरानी तथा सड़क इंजीनियरिंग उपायों के साथ ही विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### कार को ठोकर मारकर पिकअप चालक फरार

**डौंडीलोहारा।** सोमवार को नगर के पुराने बस स्टैंड स्थित एसबीआई ब्रांच के पास एक पिकअप वाहन के चालक ने तेज अनियंत्रित गति से वाहन चलाते हुए सामने जा रही कार को टक्कर मार दिया। इससे कार के ड्राइवर साईड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया व कार चालक बाल बाल बची। कार चालक अनिता सिंग ग्राम कोटेरा के हाईस्कूल की प्राचार्या हैं। प्राचार्या अनिता सिंग ने बताया कि वे संबलपुर प्रशिक्षण कार्य से लौट कर नगर के ज्योति बुक डिपो के सामने अपनी कार को रख दिया। अपने कार्य निबटाकर वापिस कार से आगे की ओर लगभग एक फिट ही आगे बढ़ी ही थीं कि पीछे से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप वाहन क्र सीजी 07 सी एम 2343 के चालक ने ड्राइवर साइड को टक्कर मार दी। इससे कार के चक्के व बोनट का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, दुर्घटना के बाद पिकअप वाहन का ड्राइवर फरार हो गया।जिसकी सूचना तुरंत ही नगर के पुलिस थाने में दी गई। टीआई वीणा यादव ने बताया कि प्रार्थी का आवेदन मिला है। ड्राइवर की पतासाजी की जा रही है। आगे विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

### पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की बैठक कल

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की आगामी बैठक 5 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से नया पेंशनर भवन, परियोजना कार्यालय के सामने डौण्डीलोहारा में रखी गई है। बैठक में बालोद जिला एवं तहसील डौण्डीलोहारा की सदस्यता व राशि का विवरण, आय-व्यय का हिसाब एवं सन-2025 के लिए पेंशनर जीवित रहने का प्रमाण पत्र भरे हैं या नहीं इस संबंध में जानकारी दी जाएगी। अध्यक्ष सियाराम शार्वा ने कहा कि जो पेंशनर बीमार हैं या बिस्तर पर हैं, उनकी जानकारी लेते आएं। ऐसे पेंशनरों को बैंक के मार्ग निर्देशन में लाइफ सर्टिफिकेट भरेंगे। ईपीएफ पेंशन वाले अपना फार्म भरकर ऑनलाईन फार्म जमा कर सकते हैं। तहसील पेंशनर संगठन का पुनर्गठन करने के लिए भी चर्चा की जाएगी। पेंशनर का व्यक्तिगत समस्या हो, तो आवेदन पत्र लेते आएं।

### मारपीट का वीडियो किया वायरल, 3 गिरफ्तार

**भिलाई।** अपचारी बालक के साथ मारपीट करने वाले तीन युवक और दो अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 115 (2), 351 (2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि गर्लफ्रेंड से बात करने को लेकर अपचारी बालक ने अपने दोस्त सुभाष चौक कैम्प 1 निवासी गुरप्रीत सिंह, कैम्प 1 डिगेन्द्र साहू, घासीदास नगर जामुल आसिफ शेख और दो अपचारी बालको के साथ मिलकर बेस बल्ले से पिटाई कर दी। घटना में पीड़ित पचारी बालक के सिर पर गंभीर चोट आई है। आरोपियों ने घटना को अंजाम देकर वीडियों को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

# जादू है टारजन के हाथों में, चंद मिनटों में बना लेते हैं किसी का भी स्कैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शौक को बना लिया पेशा। इस युवा के हाथ में जादू है, जो चंद मिनटों में ही किसी का भी हुबहू स्कैच बना लेता है। आज बहुसंख्यक युवा पढ़कर नौकरी ही करना चाहते हैं, पर आज भी कुछ युवा हैं जो अपने हुनर व शौक को ही व्यवसाय बना कर अन्य युवाओं को भी प्रेरित कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं विकासखण्ड के छोटे से ग्राम हसदा के 20 वर्षीय युवक टारजन कुमार की।

20 साल की छोटी सी उम्र में ही

## 20 साल के नौजवान ने हुनर व शौक को बना लिया पेशा

### मुफ्त में स्कैच बनवाने पहुंच जाते हैं कुछ लोग

टारजन ने बताया कि अभी लोगों में इसके प्रति रूझान कम ही है, जिसके कारण आर्डर बहुत कम मिलते है। उन्होंने कहा कि बीते दो साल से स्कैचिंग कर रहा हूं। अब धीरे धीरे आर्डर मिलने लगे हैं।टारजन ने कहा कि स्कैचिंग कार्य मे कड़ी मेहनत व एकाग्रता की आवश्यकता होती है, मेरी कड़ी मेहनत को देखने के बाद भी कुछ लोग मुझसे फ्री में स्कैचिंग कराने आ जाते हैं, जिन्हें मैं विनम्रता से मना कर देता हूं, लेकिन दुख होता है कि लोगों को फ्री में पाने की इतनी लत लग गई है कि वे दूसरों की मेहनत की भी कद्र नहीं कर रहे हैं।



### 500 से 1500 तक शुल्क

टारजन ने बताया कि आज मेरा शौक ही मेरा व्यवसाय बन गया है। उन्होंने कहा कि अभी संघर्ष के दिन हैं, बहुत कम आर्डर मिलते हैं, पर समय के साथ आर्डर बढ़ने की उम्मीद है। टारजन बताते हैं कि वर्तमान में माह में 4 हजार से 5 हजार तक ही कमा पाता है। एक स्कैच का 500 से अधिकतम 1500 तक शुल्क लगता है। यह कार्य श्रम साधना एवं एकाग्रता मांगता है। टारजन का एक छोटा भाई है जो पढ़ाई कर रहा है, माता पिता मजदूरी कार्य करते हैं। टारजन ने कहा ककभी नौकरी करने का विचार नहीं आया। अपने शौक हुनर को ही अपना व्यवसाय बनाकर जीवकोपार्जन करने का प्रयास कर रहा हूं।

टारजन ने अपनी सोच एवं हुनर का लोहा मनवा लिया है, उनके हाथों में वह जादू है कि लोग उसे देख दांतों तले उंगली दबाने मजबूर हो जाते हैं। टारजन ने बताया कि बचपन से स्कैच बनाने का शौक था। अपने बनाए स्कैच में कुछ कमियां देख एक माह का प्रशिक्षण लिया और अब चंद मिनटों में ही फोटो या चेहरा देखकर हुबहू स्कैच बना लेता है। उन्होंने कहा कि अभी संघर्ष के ही दिन हैं। ग्राम में इसको महत्व नहीं मिला तो विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर पहुंचे, जहां समाज सेवी जयंत किरी से सहयोग एवं मार्गदर्शन मिला।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूर्व गृहमंत्री ने धान खरीदी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

# खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था, धान बेचने के लिए परेशानियों का सामना कर रहे किसान : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने धान खरीदी केन्द्रों के समितियों में किसानों को धान खरीदी में होने वाली समस्याओं का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल कोसरे, अध्यक्ष केश शिल्प कल्याणी बोर्ड नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कोलिहापुरी धान खरीदी केंद्र पहुँचकर औचक निरिक्षण किया।

इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ने कि इस वर्ष किसानों को अपनी उपज को बेचने के लिए अनावश्यक समय लग रहा है। अगर किसान धान बेचने से चूक गए तो पखवाड़े भर का समय लग रहा है। प्रदेश में सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बनाए गए उपार्जन केंद्रों में जबदस्त अव्यवस्था होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सभी धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था का आलम है। धान के लिये पर्याप्त मानक बोरों की व्यवस्था नहीं है किसानों को अपना आधा बोरा को देने के लिए कहा जा रहा है। आपको बता दें कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना में से एक किसानों से धान खरीदी करना होता है, जिसमें धान खरीदी केंद्रों के लिए गाइड लाइन जारी होती है। छत्तीसगढ़ सरकार पिछले 14 नवंबर से किसानों से धान खरीदने का कार्य शुरू किया गया है, प्रदेश के सभी जिलों में धान खरीदी किया जा रहा है जिसमें किसानों से एक बोरी में 40 किलो के अनुपात से धान खरीदना है बरदाना का अलग से वजन 700 ग्राम निर्धारित किया गया है दोनों को मिलाकर 40.700 किलो धान लेना है ठीक इसी कड़ी में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं मीडिया टीम के साथ विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में जाकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया जिसमें पाया कि हर खरीदी केन्द्र में खरीदा हुआ धान अलग अलग वजन का पाया कहीं 41.500 kg तो कहीं 41. 300kg इसी तरह से हर खरीदी केन्द्र में अलग अलग वजन पाया गया किसी भी केंद्र में 41किलो से नीचे नहीं पाया गया जबकि राज्य सरकार की गाइड लाइन में धान खरीदने का मानक अलग है।





**धान मीलिंग में राइस मिलरों ने जताई असमर्थता:** उन्होंने कहा कि धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रुपए देने का निर्णय लिया था, जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेशभर में 700 नई राइस मिलें खुली थीं. अब सरकार ने मिलर के लिए 120 रुपए को घटाकर 60 रुपए कर दिया है। इस कारण राइस मिलर हड़ताल पर थे. धान सोसायटी में जाम है. मिलरों को 120 की जगह 60 रुपए देने के फ़ैसले के बाद विभिन्न ज़िलों में राइस मिलर एसोसिएशन धान की मीलिंग करने में असमर्थता व्यक्त करने लगे हैं।

### धान खरीदी केंद्रों में जारी नहीं हो रहा टोकन, किसान परेशान

पूर्व गृहमंत्री श्री साहू ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है। किसान घंटों खड़े रहते हैं। आनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नहीं मिल रहा है। धान की कीमत का भुगतान 3217 रुपए प्रति क्विन्टल में करें, क्योंकि 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है, इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रुपए से बढ़ाकर 3217 रुपए किया जाए। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रुपए में धान खरीदा था। भाजपा द्वारा किसानों को एकमुश्त भुगतान का वादा किया गया था पर वर्तमान में केवल 2300 के दर से भुगतान किया जा रहा है, बारदाना का मानक वजन 640 ग्राम बताया जा रहा है मौके में बोरे का वजन केवल 540 ग्राम था बोरा भी अमानक है जिसका भुगतान भी किसानों को ज्यादा धन दे कर चुकाना पड़ रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला अध्यक्ष निर्मल कोसरे, अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेंद्र देशमुख, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृज मोहन सिंह, अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, जगदीश साहू,जनपद सदस्य टिकेश्वरी लाल देशमुख, ज्ञानेश्वर मिश्रा, राकेश हिरवानी, रूपेश देशमुख, महेंद्र सिन्हा, मुकुंद पारकार चुनन्नी चंद्राकर, शिव नारायण दिल्लीवार, गुहा देशमुख, सरपंच ज्वाला प्रसाद देशमुख, देवधर साहू सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विश्व एड्स दिवस सीएमएचओ कार्यालय में हुई विविध स्पर्धाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सीएमएचओ ऑफिस में टेक द राइट पथ, मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार उद्देश्य को लेकर रंगोली, भाषण एवं पोस्टर सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम अतिथियों के साथ मिलकर जिला अस्पताल से जागरूकता रैली निकाली गई। उसके बाद अतिथियों ने लोगों को संबोधित करते हुए एड्स के प्रति जागरूक किया। उसके बाद अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई रंगोली का मूल्यांकन किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ एमके सूर्यवंशी, बीएमओ डॉ जितेंद्र, सिविल सर्जन डॉ श्रीमाली, एनएसएस कॉलेज से देवेंद्र साहू, कमलेश सोनी, आईसीटीसी काउंसलर, भाग्य लक्ष्मी, एसआईटी काउंसलर माया पवार, एमएलटी आईसीटीसी राकेश निर्मलकर, सूत्र समाज सेवी संस्था टीआई बालोद से प्रोजेक्ट मैनेजर वेद प्रकाश साहू, काउंसलर साइना मोहम्मद, ओआरडब्लू सेवक राम, रविन्द्र सोनकर, दामिनी, लक्ष्मी राजपूत, कविता साहू, मारुति नर्सिंग कॉलेज, भारत नर्सिंग कॉलेज से सभी छात्र छात्राएं एवं टीचर का भरपूर सहयोग रहा, सूत्र टीआई के स्टॉफ, एचआरजी एवं मरीज भी शामिल हुए।



# ग्राम कुथरेल में लगा एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम कुथरेल में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर वैशाली नगर महाविद्यालय भिलाई एवं सुराना कॉलेज दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। शिविर के पांचवें दिवस में राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ नीता वाजपेई उपस्थित थीं।

राज्य एनएसएस अधिकारी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के बारे में बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के लाभ बताए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना में जुड़कर आप अपने करियर को किन ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। ऐसे अनेक स्वयंसेवकों का उदाहरण बताया, जो अपनी पढ़ाई करते हुए ही आज राष्ट्रीय सेवा योजना के कारण शासकीय सेवा में रहते हैं। साथ ही राज्य एनएसएस अधिकारी ने सभी लोगों के मन में उठने वाले प्रश्नों को बताया और उनका जवाब भी दिया। इस अवसर पर बालोद जिला की जिला संगठन डॉक्टर लीना साहू भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ चांदनी मरकाम एवं डॉ उमेश वैद्य को दी अपने राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य एनएसएस अधिकारी को अपने बीच पाकर स्वयंसेवकों के मन में अत्यधिक उत्साह का अवसर रहा है। बौद्धिक परिचर्चा के सत्र पर मंच पर शिविर दलनायिका पलक सिंह दलनायक मनीष, दामिनी साहू, प्रीति पटेल, आदित्य के साथ अनेक स्वयं सेवक उपस्थित थे।



अनुभवी पत्रकारों ने दिए आकर्षक एवं प्रभावशाली पत्रकारिता के टिप्स

# स्काउट-गाइड्स के लिए हुई राज्य स्तरीय मीडिया कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य संघ मुख्यालय रायपुर में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के नेतृत्व में पहली बार छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के स्काउटर/गाइडर के लिए राज्य स्तरीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर बलदेव भाई शर्मा रहे। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट और गाइड समाज में एक विश्वप्रतिष्ठित संगठन के रूप में निःस्वार्थ सेवा अनुशासन और कर्मशीलता का मिसाल प्रस्तुत कर रहा है, जिसे समाज तक मीडिया के माध्यम से पहुंचना अत्यंत आवश्यक है, ताकि दूसरे लोगों को भी अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक चुनौती एवं जुझारू पूर्ण समाज हित का कार्य है। इस व्यवसाय में ग्लैमर (दिखावा) नहीं है। वहीं न्यू मीडिया, प्रिंट मीडिया, डिजिटल मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से खबर को आकर्षित एवं सुवस्थित ढंग से प्रकाशित एवं प्रस्तुत करने के गुण एवं बारीकियों को सीखने के लिए विशिष्ट रूप से राज्य के वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक भी उपस्थित रहे। प्रियंका कौशल, विशाल यादव, मनोज बघेल जैसे अनुभवी पत्रकारों ने आकर्षक एवं प्रभावशाली पत्रकारिता के टिप्स स्काउट गाइड को दिये। इस कार्यशाला को राज्य सचिव भारत स्काउट एवं गाइड्स, कैलाश सोनी सहित मुख्यालय के सभी पदाधिकारी एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्तों ने संचालित किया और स्काउटर गाइडर ने प्रशिक्षण लेकर कर सफल बनाया।





सिवनी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

# ईश्वर ने दिव्यांगों को अप्रतिम प्रतिभा सामर्थ्य और शक्ति दी है : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि ईश्वर ने दिव्यांगों को अप्रतिम प्रतिभा, सामर्थ्य एवं शक्ति दी है। जो कि अपने दृढ़ ईच्छा, शक्ति एवं जिजीविषा के बलबूते पर निःशक्तता के बाद भी एक सामान्य व्यक्ति की भाँति सभी कार्यों को बेहतर तरीके से संपादित कर रहे हैं।

चन्द्रवाल मंगलवार को जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी में स्थित समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। चन्द्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित दिव्यांगजनों को शॉल, श्रीफल से सम्मानित कर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सप्ताह में दो दिन निःशक्तता प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर चन्द्रवाल ने दिव्यांगजनों के निःशक्तता प्रमाण पत्र बनाने के लिए त्वरित कार्रवाई करने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी सप्ताह में दो दिन दिव्यांगों के बीच पहुँचकर उनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने दिव्यांगों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराने जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांगजनों के बीच पहुँचकर उन्हें मिष्ठान भी वितरण किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने दिव्यांगों के मदद एवं शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।





# कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुँचे लोगों के समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने भी जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मुलाकत कर उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के अन्नुटोला निवासी गणेश राम कुमेटी ने अपने धान फसल की खरही जलने पर क्षति पूर्ति राशि दिलाने तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भरएँटोला निवासी राम सिंह ने अपने जमीन के खाता विभाजन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खड़बत्तर निवासी कमलेश प्रसाद ने व्यवसाय हेतु ऋण प्रदान करने, रेंगाडबरी निवासी संगीता निषाद ने राशन कार्ड बनाने, ग्राम टेकापार के ग्रामीणों ने घास जमीन से अतिक्रमण हटाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसके अलावा जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में पहुँचे लोगों ने कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अधिकारियों से मुलाकात कर अपने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।



# प्रीपैड मीटर देंगे बकाएदारों को तगड़ा झटका, पॉवर कंपनी को मिलेगी बकाया से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक पांच लाख से ज्यादा मीटर बदले जा चुके हैं। अगले साल सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोस्टपैड से प्रीपैड हो जाएंगे।


ऐसा होने से पॉवर कंपनी को बकाया से मुक्ति मिल जाएगी, लेकिन बकायेदारों को जरूर जोर का तगड़ा झटका लगेगा। जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया है, उनको किस्तों में भुगतान करने की सुविधा मिलेगी, इसके लिए उपभोक्ताओं को 300 दिनों का समय देने की योजना है। अगर कोई उपभोक्ता 300 दिनों के बाद भी बकाया का भुगतान नहीं करता है तो फिर उनका कनेक्शन कट हो जाएगा और रीचार्ज कराने पर बकाया होने के कारण बिजली नहीं मिल पाएगी।

केंद्र सरकार ने देश के हर राज्य में स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान जारी किया है। इसका राजपत्र में भी प्रकाशन हो चुका है, ऐसे में कोई भी राज्य स्मार्ट मीटर लगाने से मना नहीं कर सकता है। अपने राज्य में इन मीटरों को लगाने का काम दे दिया गया है। प्रदेश में टाटा और जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम कर रही है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी मीटर लगा रही, बाकी संभागों में जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

## कनेक्शन प्रीपैड होने पर बकाया जमा करने मिलेगा 300 दिनों का समय

### बकायादार बड़ी समस्या

अभी प्रदेश में जो बिजली के उपभोक्ता हैं, उनमें से करीब दस लाख उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका बिजली बिल बकाया है। इन उपभोक्ता का बकाया करीब हजार करोड़ से ज्यादा का है। कोरोना काल में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल जमा न करने वालों की बिजली नहीं काटी गई थी। ऐसे में बकाया एक समय तो दो हजार करोड़ से ज्यादा का हो गया था। बाद में लगातार वसूली से बकाया कम हुआ है। लेकिन अब भी हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। बकायादारों में लाखों की संख्या में बीपीएल उपभोक्ता भी हैं। इन्होंने बरसों से बकाया जमा नहीं किया है, लेकिन इनकी बिजली कभी कटती नहीं है। इनसे तो सुरक्षा निधि भी नहीं ली जाती है। बीपीएल के बकायेदारों से वसूली बड़ी समस्या होगी।



### ज्यादा बकाया भी एक समस्या

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने लिए कम राशि वाले बकायादार कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हर उपभोक्ता का दो माह के बिजली बिल के बराबर सुरक्षा निधि की राशि जमा रहती है। जब स्मार्ट मीटर लगने के बाद कनेक्शन को प्रीपैड किया जाएगा तो कम राशि वाले बकायेदारों का बकाया सुरक्षा निधि से भी काट जा सकता है, जो पैसा बचेगा, वह वापस हो जाएगा। लेकिन जिनका बकाया सुरक्षा निधि के काटने के बाद भी बच जाएगा, उसकी वसूली के लिए पॉवर कंपनी ने 300 दिनों के अंदर किस्तों में भुगतान करने की सुविधा देने की योजना तैयार की है।

## खबर संक्षेप



### ट्रांसजेंडर समुदाय के आश्रय स्थल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रायपुर।** प्रमा फाउंडेशन संस्था द्वारा 1 दिसंबर को सरोना में स्थित ट्रांसजेंडर समुदाय के आश्रय स्थल गरिमा गृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम-सह-परिचर्चा समत्व–2024 का आयोजन किया। इस मौके पर संस्था के सचिव राजकुमार मिश्रा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति आम जनमानस की भ्रांतियों को दूर करना, उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अवसर प्रदान करना था। यह आयोजन प्रमा फाउंडेशन के अपनी स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किया था। कार्यक्रम में हेमलता मोंगरे, उषा साहू, रजनी ठाकुर ,पीयूष साहू, सौरभ सेन, दुर्गेश निषाद, भूपेंद्र नायक एवं सूरज जाना ने अपना समय और सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाज के सेवक बसंत अग्रवाल और छत्तीसगढ़ पुलिस, एस. झा, वरिष्ठ समाज सेविका उमा स्वामी एवं युवा रायपुर के संस्थापक एम. राजीव, विद्या राजपूत समेत अन्य उपस्थित रहे।

### शीतलहर से बचाने अनेक स्थानों में जलाए अलाव



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए नगर निगम ने कई सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की है। इसके तहत अंतर्राज्यीय बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ऑटो स्टैंड सहित कई जगहों पर रात के समय अलाव जलाए जा रहे हैं। अलाव जलने से यात्री और बेघर लोगों को ठंड से काफी राहत मिल रही है।

### बढ़ने लगी ठंड, स्कूलों के समय में बदलाव की उठी मांग

**रायपुर।** चक्रवाती तूफान का असर खत्म होते ही प्रदेश में बढ़ने वाली ठंड को देखते हुए सुबह की पाली में लगने वाले स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग उठने लगी है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से शालाओं के समय में परिवर्तन करने की मांग की है। सरगुजा, बस्तर संभाग के अलावा मैदानी क्षेत्रों में ठंड का प्रभाव देखा जा रहा है। दिन छोटा होने के कारण स्कूल से लौटते छात्र अंधेरे में घर पहुंच रहे हैं, जो असुविधाजनक है। सुबह की पाली में अधिकांशतः छोटे बच्चों की शालाएं लगती हैं। बढ़ती ठंड उनके सेहत पर विपरीत असर डाल सकती है। वर्तमान में प्रदेश में चक्रवात के कारण तापमान न्यूनतम स्तर पर जा रहा है। आने वाले समय में ठंड के और बढ़ाने की संभावना है। इसके अलावा वर्तमान में दिन की अवधि छोटी हो रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक पाली की शालाओं को प्रातः 11 बजे से 3.30 बजे तक और दो पाली की शालाओं को प्रथम पाली प्रातः 8.30 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की शालाओं को 12.30 से 4 बजे तक संचालित किया जाने की मांग की है।

## हमर धरोहर सांस्कृतिक क्लब के माध्यम से बच्चों को कला-संस्कृति का दिया जाएगा प्रशिक्षण

# शासकीय विद्यालय देवरी ख में राष्ट्रीय सांस्कृतिक क्लब का किया गया गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

शहीद दुर्वाशा लाल निषाद शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवरी ख में राष्ट्रीय सांस्कृतिक क्लब का गठन कर शुभारम्भ किया गया।

इस क्लब का नाम हमर धरोहर सांस्कृतिक क्लब रखा गया है, यह क्लब सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली की स्वीकृति एवं मार्गदर्शन पर कार्य करेंगी। इस क्लब की मुख्य बात यह है कि यह बच्चों का, बच्चों के द्वारा बच्चों के लिए संचालित एक राष्ट्रीय एवं स्वयं सेवी योजना है, इसकी सदस्य संख्या 35 होंगी, जिसमे गीतांजलि कक्षा आठवीं सभापति नियुक्त की गई। वर्तमान में यह राज्य में संचालित पहली सांस्कृतिक क्लब है, जो संस्कृति मंत्रलय की योजना पर कार्य करेगी। इस क्लब का उद्देश्य भारतीय कला, संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत के क्षेत्र में बच्चों को पारंगत कर भारतीय कला व संस्कृति से जोड़े रखना तथा बच्चों में एक अच्छे संस्कार का सृजन करना है।



**सूक्ष्म कलाकृति बनाने में दक्ष हैं डॉ अंकुशः** हमर धरोहर सांस्कृतिक क्लब के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि भिलाई के प्रसिद्ध कलाकार डॉ अंकुश देवांगन थे। वे विश्व में सूक्ष्म से सूक्ष्म कलाकृति एवं चार से छः मंजिला विशाल मूर्ति बनाने में दक्ष हैं। उनके द्वारा सरसों के दाने के 20 वें भाग में भगवान गणेश की प्रतिमा एवं चावल के दाने में भी कलाकृतियां निर्मित की हैं। वे एक प्रसिद्ध चित्रकार भी हैं। उनके द्वारा बच्चों एवं उपस्थित ग्रामीणों को बैठाकर उनका तत्काल चित्र बनाया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने बच्चों को कभी हार नहीं मानने की प्रेरणा दी। इनके द्वारा अमूल्य समय प्रदान करने के लिए शाला परिवार द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### कठपुतली वाले गुरूजी युगल देवांगन होंगे क्लब के प्रभारी

शाला के प्रधान पाठक राजेश वर्मा ने बताया कि सीसीआरटी नई दिल्ली के द्वारा ऐसे योजना को हमारे शाला मे स्वीकृति देना हमारे स्कूल, जिले व पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है। इस क्लब के प्रभारी शिक्षक श युगल देवांगन जी होंगे, जिन्होंने सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी)नई दिल्ली के माध्यम से हैदराबाद एवं राजस्थान से राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है. उनका प्रयास सराहनीय है। विदित हो कि पूर्व से ही देवांगन द्वारा कठपुतली कला पर शिक्षा के क्षेत्र मे नवाचार करने का विशेष प्रयास किया जा रहा है जिनके कारण इन्हे जिले मे कठपुतली वाले गुरूजी के नाम से जाना जाता है। शिक्षक युगल देवांगन के अनुसार कठपुतली कला प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में एक बहुत ही महत्वपूर्ण, आकर्षक व मनोरंजन के साथ शिक्षा प्रदान करने का माध्यम हो सकता है। इस कला के माध्यम से बच्चों मे किसी भी विषय वस्तु पर स्थाई ज्ञान प्रदान किया जा सकता है। इस कला का प्रदर्शन वे अपने स्कूल के साथ जिले एवं राज्य स्तर के प्रदर्शनियों में भी कर चुके हैं। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक शैलेन्द्र पांडे, व्याख्याता नागेंद्र कामडे, शाला की शिक्षिका हरिका साहू, शशि कला बंजारे एवं शाला समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कृषक उन्नति योजना की आदान सहायता राशि से किसानों का सपना हो रहा साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद विकासखण्ड के पाररास धान खरीदी केन्द्र के अंतर्गत ग्राम खैरतराई के कृषक सुधारूराम के लिए कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत मिले आदान सहायता राशि बहुपयोगी साबित होकर उनके लिए मुश्किल वक्त का सहारा बन गई।



किसान सुधारू राम ने बताया कि मार्च के महीने में जब उनका नए घर का निर्माण कार्य जारी था। ऐसे वक्त में राज्य शासन के द्वारा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत जारी किए गए 90 हजार रूपये उनके सपने के आशियाना के निर्माण कार्य को मन पसंद एवं बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए अत्यंत मददगार साबित हुआ। उस राशि से उनके एवं उनके परिवार के लिए एक बेहतर घर का निर्माण का कार्य पूरा हो सका। किसान सुधारू राम ने बताया कि उन्होंने इस राशि का उपयोग अपने नए घर के निर्माण के साथ–साथ छोटी–मोटी अन्य पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने में किया है।

किसान सुधारू राम ने कहा कि हम किसानों की जरूरत के समय मिली इस योजना की राशि मेरे अलावा मेरे जैसे अनेक किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई है। इसी तरह इस योजना की सराहना ग्राम तरौद के किसान समारू राम एवं पुरूषोत्तम, श्रीकांत, रोहित आदि अन्य किसानों ने भी की है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हम अन्नदाता किसानों का सम्मान कर हमें किसानों को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

## धूमधाम से 18 को मनाई जाएगी गुरु घासीदास जयंती

**रायपुर।** 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाई जाएगी, इसे लेकर सतनाम समाज के लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है शोभायात्रा के साथ जयंती में किन-किन आयोजनों को पूर्ण करना है इसे लेकर समाज के पदाधिकारी और सदस्य बैठक कर इन सभी तैयारियां को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को गुरु घासीदास गृह निर्माण सहकारी संस्था की बैठक हुई। बैठक में संस्था के अध्यक्ष एसके सोनवानी, डॉ. शकुंतला डेहरे, बीपीएस नेताम, एचएल रात्रे, डॉ. हिरामन बंजारे, कुलदीप जांगड़े, सुमन चतुर्वेदी, एनआर टोंडर, टीएस चतुर्वेदी, नंदकुमार कोशले, ननकूराम कुशवाहा और स्वाति कोशले आदि शामिल रहे। ने यह निर्णय लिया कि 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम के संचालन एवं आयोजन कॉलोनी निवासी महिलाओं द्वारा किया जाएगा।

# एक तरफ चोरी करने रैकी कर रहे दूसरी ओर सूने मकान से लाखों रुपए के जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बदमाशों के साथ चोर, पुलिस को लगातार चुनौती देते आ रहे हैं। टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक कोलोनी में चोरों द्वारा कालोनी में चोरी करने रैकी करने का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। दूसरी घटना में चोर एक टेक्नालॉजी कंपनी के एचआर के सूने मकान में धावा बोलते हुए लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक लालपुर, जैनम विहार कालोनी निवासी अमित कुमार रावत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अमित ने पुलिस को बताया है कि पिछले महीने 29 नवंबर को वह अपने परिवार के साथ जबलपुर गया था। रविवार सुबह अमित जबलपुर से लौटा, तो उसने देखा कि हाल के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था। कमरे की कुंडी खुली हुई थी। चोर अलमारी का लॉक तोड़ लॉकर में रखे नकदी दस हजार रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए थे।



***कालोनी में रैकी करते दिखे चार शातिर :*** एक अन्य घटना में टिकरापारा थाना क्षेत्र के लालपुर स्थित आकृति विहार में चार शातिरों का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें एक बदमाश के हाथ में रॉडनुमा हथियार दिख रहा है। दो बदमाश एक मकान की तरफ जाते दिख रहे हैं। एक बदमाश आने-जाने वाले लोगों की निगरानी करता दिख रहा है। चौथा बदमाश आसपास के मकानों की टोह लेते दिख रहा है। कुछ देर कालोनी में विचरण करने के बाद चारों बदमाश एक साथ जाते दिख रहे हैं।

# आगे बढ़ा चक्रवात, बादल छंटते ही दो दिन में ठंड की वापसी

## पांच डिग्री तक लुढ़केगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला चक्रवात आगे बढ़ चुका है। इसकी वजह से प्रदेश में छाए बादल भी छंटने लगे हैं और तापमान चढ़ने लगा है। रविवार को 22 डिग्री तक जा चुका अधिकतम तापमान 27 डिग्री पर पहुंच गया। राज्य में दो दिन बाद तापमान में चार से पांच डिग्री तक गिरावट होने की वजह से ठंड की वापसी की उम्मीद है। रविवार को बदले मौसम में सोमवार को सुधार आया। राजधानी समेत प्रदेश में बादल छाए रहे मगर बारिश की गतिविधि बस्तर के एक दो स्थानों पर सीमित रही। शहर में छाए बादल में थोड़ी कमी आई जिसकी वजह से तापमान अपनी सामान्य स्थिति में आ गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि चक्रवात अब कमजोर हो चुका है। बादलों की वजह से पूर्व से आने वाली नमी युक्त हवा ही रह गई है जो दिन में बदलने के आसार है। चार दिसंबर के बाद यहां रात के तापमान में गिरावट होने से ठंड बढ़ने के आसार हैं। इसके बाद तीन से चार दिन तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी और संभवतः नौ दिसंबर को आने वाला पश्चिमी विक्षोभ पुनः बारिश का कारण बन सकता है।

- **तीन से चार दिन तक कड़ाके की ठंड फिर**
**पश्चिमी विक्षोभ बदलेगा मौसम**

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि नमी का ज्यादा असर बस्तर में हो रहा है। इसकी वजह से अगले दो दिन वहां बारिश की गतिविधि रह सकती है। शेष इलाकों में दिन में धीरे-धीरे आसमान साफ होने के साथ दिन के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

## पेज 9 के शेष

### बच्चों की उपलब्धि व उनकी ...

विकासखंड की 25 स्कूलों का चयन किया गया है। इसमें हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम दोनों तरह के स्कूलों को शामिल किया गया है। इस सर्वेक्षण के लिए बेमेतरा जिले के 92 स्कूलों का चयन एनसीईआरटी के द्वारा किया गया है। सभी 92 स्कूलों में सर्वेक्षण के लिए 92 फील्ड इन्वेस्टिगेटर की नियुक्ति कर उनको आदेश पत्र भी दे दिया गया है। **गोपनीय सामग्री का वितरण पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा से :** चारों विकासखण्ड के 92 स्कूलों के लिए गोपनीय सामाग्री का वितरण 4 दिसंबर की सुबह पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा से प्रातः 6 बजे से किया जायेगा। चयनित विद्यालय तक प्रश्न पत्र के पैकेट को स्कूल तक ले जाने और स्कूल से वापस लाने का कार्य सीबीएसई के द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर करेंगे। इस संबंध में आज ऑब्जर्वर को जिला नोडल अधिकारी थलज कुमार साहू के द्वारा विस्तार से और विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। अगर फील्ड इन्वेस्टिगेटर अपने चयनित विद्यालयों में रुकना चाहते हैं उनके लिए आवास की भी व्यवस्था की गई है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के द्वारा बीईओ और बीआरसी को पत्र लिखा गया है। वे संकुल समन्वयकों के माध्यम से आवास की व्यवस्था भी करवाएंगे। सभी फील्ड इन्वेस्टिगेटर एक दिन पूर्व अपने-अपने विद्यालय पहुंचेंगे और परीक्षा से संबंधित तैयारियों का जायजा लेंगे और अगले दिन 4 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे अपने चयनित विद्यालय पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य को संपन्न कर करेंगे।

### बांग्लादेश में हिन्दुओं ...

जीवन और आजीविका प्रभावित हुई। तीसरी घटना 26 नवंबर 2024 सिराजगंज में कट्टरपंथियों द्वारा लोकनाथ मंदिर पर पेट्रोल बम फेंका गया, जिससे मंदिर को नुकसान पहुँचाया गया। इसी तरह से अनेक घटनाएं की जा रही हैं, जो धार्मिक स्वतंत्रता और मानवीय अधिकारों का उल्लंघन के साथ-साथ धार्मिक असहिष्णुता और सांस्कृतिक धरोहर को नष्ट करने का एक प्रयास हो रहा है। इससे देश के नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। इस दौरान डा. नीलेश तिवारी, डॉ कमलेश निषाद, विधायक ईश्वर साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, राजेंद्र शर्मा, विजय सिन्हा, गुरुदयाल सिंह चावला, ताराचंद्र माहेश्वरी, मधु राय, बृज मोहन शर्मा, सुखदेव महराज, खोमराम साहू, प्रनीश रजक, नीलेश साहू, गंगाधर यादव, तामेश साहू, तरुण देवांगन, भानु प्रकाश सोनी,मेघनाथ यदु, ललित साहू, बृजेश शर्मा, रोमेंद्र सिंह ठाकुर, चन्दन साहू, गंगाधर चांडक, मिंटू बीसेन सहित हिन्दू चेतना मंच के प्रतिनिधि व प्रबुध्द जन उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति के ..

ताकि वहां अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और धार्मिक स्वतंत्रता को कायम रखा जा सके। अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कराई जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए, ताकि इस प्रकार के अपराधों की पुनरावृत्ति न हो।

### जिला स्तरीय महिला खेलकूद ...

के कठिन परिश्रम का फल है। आपको बता दे कि यहाँ फुटबॉल की नई पौध तैयार की जा रही है। साथ ही उनको प्रशिक्षण भी दिया जाता है। खिलाड़ियों को तैयार करने मे प्रमुख योगदान यहाँ के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव तथा रामेश्वरी साहू और आकाश वर्मा द्वारा उनको और भी कई सारे खेल का प्रशिक्षण प्रतिदिन दिया जाता है।

# रात में रेत का अवैध कारोबार, दूसरे जिलों से आ रही गाड़ियां, 15 पकड़ी गईं



**रायुपर।** रायपुर जिले में खनिज विभाग की लगातार की जा रही कार्रवाई के बाद अब रेत माफिया भी अलर्ट हो गए है और दिन की जगह रात में रेत का अवैध कारोबार करने लगे हैं। यही कारण है कि जिले की विभागीय टीम रात में भी निरीक्षण पर निकल रही है और इस अवैध कारोबार में संलिप्त रेत से भरी गाड़ियों को पकड़ने के साथ उनके मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई कर जुर्माना राशि वसूल रही है। इसी कड़ी में विभागीय टीम ने दो दिन में रेत से भरी 15 गाड़ियों को पकड़ा है, जिन पर कार्रवाई करते हुए करीब चार लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है।

**बिना रायल्टी पर्ची के किया जा रहा था परिवहनः** विभाग की टीम ने खनिज प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज के नेतृत्व में 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर को रात में गश्त करते हुए नवा रायपुर, अभनपुर, मंदिर हसौद, खरोरा एवं आरंग क्षेत्र में 15 गाड़ियों को पकड़ा। इन सभी गाड़ियों में रेत भरी हुई थी। टीम ने गाड़ियों के चालकों से पूछताछ की, तो पता चला कि इनमें से किसी भी गाड़ी की रायल्टी पर्ची कटी नहीं है। सभी गाड़ियों में अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बिजली विभाग की लापरवाही, आमजन को पड़ सकती है भारी

**परपोड़ी।** नगर में विद्युत विभाग की लापरवाही से दुर्घटना की आशंका बनी हुई। बस स्टैंड से वार्ड नम्बर 10 जाने वाले मार्ग पर बिजली का तार जमीन के काफी नजदीक आ गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं। अभी धन कटाई का सीजन है। यदि ट्रैक्टर ट्राली में पैरा आदि भरकर लाते ले जाते तार से टकरा गया, तो आग भी लग सकती है। तार इतना नीचे है कि बच्चे भी तार को लकड़ी या किसी अन्य वस्तु से छू भी सकते हैं। यदि जल्द ही इसे ऊपर नहीं किया गया, तो विद्युत विभाग की लापरवाही का नतीजा आमजनों को भुगतना पड़ सकता है। लेकिन गार्डन के बाजू वाले मार्ग पर विभाग की लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### दर्री में जिलास्तरीय पंथी प्रतियोगिता कल

**बेमेतरा।** आदिवासी विकास शाखा द्वारा 5 दिसम्बर को ग्राम दर्री, विकासखंड नवागढ़ में सद्भावना शिविर के साथ जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इच्छुक पंथी नर्तक दल 4 दिसम्बर सायं 5 बजे तक कार्यालय में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। विभाग द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त नर्तक दलों को पुरस्कार राशि दिया जाएगा। कार्यक्रम स्थल तक आने एवं वापस जाने का व्यय नर्तक दलों को स्वयं वहन करना होगा।

### शक्ति केन्द्र कचांदुर के बूथ अध्यक्षों का किया गया चयन

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल गुण्डरदेही के शक्ति केन्द्र कचांदुर के अंतर्गत ग्राम साजा में बूथ क्रमांक 219, ग्राम देवरी (क) बूथ क्रमांक 218, ग्राम खर्रा बूथ क्रमांक 182 में बूथ कमेटी का गठन किया गया। साजा बूथ में पुरानिक साहू, देवरी बूथ में छत्रपाल देशमुख, खर्रा बूथ में पूना राम देशमुख को सर्वसम्मति से बूथ अध्यक्ष बनाया गया एवं बूथ सचिव टीका राम साहू, तामेश्वर साहू, घनेद्र तिवारी को बनाया गया।

**आयोजन : स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस कार्यक्रम**

# दृढ़ संकल्प व आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें तो दिव्यांगता सफलता में बाधक नहीं बन सकती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग एवं समग्र शिक्षा के समवेशी शिक्षा अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानन्द स्टेडियम, कंतेली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें दिव्यांग बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में स्थानीय विधायक दिपेश साहू, कलेक्टर रणवीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू व समाज सेवी संस्थाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर 24 दृष्टि बाधित बच्चों और बुजुर्ग नागरिकों को चश्मा और 10 श्रवण बाधित बच्चों व नागरिकों के लिए विशेष सुविधाओं और उपकरणों जैसे श्रवण यंत्र का वितरण भी किया गया। उसके बाद 11 पात्र हितग्राहियों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलकूद में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दिव्यांग बच्चों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

- विधायक दीपेश ने बढ़ाया दिव्यांगों का हौसला, प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत
- हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, चश्मा और ट्राईसाइकिल वितरित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दिपेश साहू ने दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन और जिला प्रशासन दिव्यांगजनों की भलाई के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। समाज को भी इन प्रयासों में सहयोग देना चाहिए। विधायक ने दिव्यांग बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो हर चुनौती का सामना कर सकती है। विधायक ने कहा कि दिव्यांगता किसी की सफलता में बाधा नहीं बन सकती, यदि व्यक्ति दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। उन्होंने बच्चों के माता-पिता और शिक्षकों से भी अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा और उनके व्यक्तित्व विकास में विशेष ध्यान दें।




### दिव्यांगता को कमजोरी नहीं, अपनी ताकत बनाएं : शर्मा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनमें भी असाधारण प्रतिभा और क्षमता होती है। कलेक्टर ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे कभी भी अपनी दिव्यांगता को अपनी कमजोरी न समझें, बल्कि इसे अपनी ताकत बनाकर आगे बढ़ें। कलेक्टर ने बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए उनकी हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया और कहा कि जिला प्रशासन उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान करेगा।

### एसपी ने दी योजनाओं की जानकारी

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि प्रशासन की ओर से दिव्यांगजनों को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाएं, और आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही हैं, ताकि वे समाज में आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष स्कूलों और प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की गई है, जहां उन्हें उनकी जरूरतों के अनुसार शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। दिव्यांग व्यक्तियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। दिव्यांग व्यक्तियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विशेष पेंशन योजनाएं, सब्सिडी वाले ऋण और अन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाती हैं। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष चिकित्सा शिविरों का आयोजन और सहायक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से जिला प्रशासन दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर काम कर रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, उप संचालक समाज कल्याण विभाग बरखा कासु सहित जिला स्तर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### दिव्यांगों को दी गई कानून की जानकारी

**बेमेतरा।** विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में अधिकार मित्रों द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला निनवा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला इथमुड़ी एवं शासकीय हाई स्कूल भरदाकला, साजा में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से बच्चों को बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम है जो पिछले 23 वर्षों से हर साल 3 दिसम्बर को मनाया जाता है। कोई भी व्यक्ति शारीरिक रूप से अक्षम हो जरूरी नहीं कि मानसिक रूप से भी अक्षम हो तथा सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं में दिव्यांग व्यक्तियों की स्थितियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी है। इस दिन वैश्विक और स्थानीय दोनों तरह के विभिन्न संगठन समाज के हर स्तर पर दिव्यांग लोगों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आते है। पीड़ित / दिव्यांग व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है इसके लिए प्राधिकरण सदैव तत्पर है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने मानसिक रूप से बीमार और विकलांग लोगों के लिए विधिक सेवाएं देने के लिए साल 2015 में एक योजना बनाई है। इस योजना का मकसद, दिव्यांग लोगों को न्याय तक पहुंचाने में मदद करना है। नालसा की इस योजना के तहत मानवीय अधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने और उनके साथ संवेदनशीलता और देखभाल के साथ व्यवहार, स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दिया जाना चाहिए तथा पर्याप्त आवास और सभी सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। इस कार्यक्रम में संबंधित स्कूल प्राचार्य, छात्र-छात्राएँ एवं अधिकार मित्रों की उपस्थिति रही।

- अधिकार मित्रों ने विभिन्न स्कूलों में चलाया जागरुकता कार्यक्रम

## घठोली स्कूल में प्रधान पाठक रूपेश ने कराया न्योता भोज

### पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बच्चों के साथ ज़मीन पर बैठकर किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घठोली में स्कूल के प्रधान पाठक रूपेश साहू ने छात्र-छात्राओं के लिए न्योता भोज आयोजित किया। इस दौरान जिले के एसपी रामकृष्ण साहू शामिल हुए उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ ज़मीन पर पालथी लाकर बड़े चाव से ताजा गर्म पका हुआ भोजन ग्रहण किया। न्योता भोज' में खीर-पूड़ी एवं फल, चावल, दाल, पापड़, सब्जी, सलाद के साथ आचार दिया गया। इसके पश्चात शाला परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण जैसे पुनित कर्तव्यों का निर्वहन किया। एसपी साहू ने जहां बच्चों को चाकलेट-बिस्कुट देकर बच्चों से पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा ओर बच्चों से पढ़ाई-लिखाई से संबंधित बातचीत की और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर डीएसपी कमल नारायण शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी केके बंजारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एके खरे, बीआरसी राजेन्द्र कुमार साहू, जिला समन्वयक नरेन्द्र वर्मा, प्रधान पाठक सुखनंदन दास जांगडे, शिक्षक मनोहर लाल साहू, सरपंच टेकूराम साहू, पंच लक्ष्मी साहू, एसएमसी अध्यक्ष अनिल साहू, दिलेश्वरी पटेल एवं अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।



## कृषि महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर हुई वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता

**बेमेतरा।** रेवेंद्र वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक विश्व एश्स दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना ढोलिया के तहत इस कार्यक्रम में के शुरुआत में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ संदीप भंडारकर में छात्र-छात्राओं को इस बीमारी के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थी, समस्त तकनीकी अधिकारी डॉ टीडी साहू, डॉ यूके ध्रुव, डॉ साक्षी बजाज, भारती बघेल एवं डॉ हेमलता निराला उपस्थित थे। पखवाड़े के दौरान एड्स से संबंधित जानकारी, बचाव के उपाय, और इसके प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए स्वास्थ्य शिविर, सेमिनार, रैलियां, और नाटक प्रस्तुत किए गए। साथ ही, मुफ्त एचआईवी परीक्षण, परामर्श सत्र और जागरूकता सामग्री का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि एड्स से बचाव के लिए जागरूकता और सही जानकारी बहुत महत्वपूर्ण है, और सभी लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। उन्होंने समाज में इस बीमारी को लेकर फैले कलंक को समाप्त करने और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनशीलता बरतने की अपील की।




## सीजीपीएससी में चयनित मोनिका को विधायक दीपेश ने दी बधाई



**बेमेतरा।** विधायक दीपेश साहू ने मंगलवार को लोक सेवा आयोग की सिविल परीक्षा 2023 में सफल होने वाली बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुरहोली की छात्रा मोनिका वर्मा से मुलाक़ात कर मिठाई खिलाकर बधाई दी और आगे के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आपने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा की कठिन परीक्षा में सफलता अर्जित की है। निश्चित रूप से आप जिले के युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन चुके हैं। आपने अपनी मेहनत, संकल्प और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। आपकी यह सफलता आपके परिवार, आपके शिक्षकों की भी सफलता है। साहू ने आगे कहा कि जो युवा साथी भविष्य में ऐसी ही सफलता हासिल करना चाहते हैं, वे अब आपकी ओर देखेंगे। वे जानना चाहेंगे कि आपने इस सफलता के लिए किस तरह तैयारियां कीं, कितनी मेहनत की। मुझे खुशी है कि आप जैसी युवा प्रतिभाएं अब प्रशासन में महत्वपूर्ण दायित्व संभालेंगी। मुझ आपसे यही कहना है कि जितनी पारदर्शिता के साथ आपका चयन हुआ है, आप उतनी ही पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह करें और प्रदेश में सुशासन स्थापित करने के हमारे लक्ष्य को हासिल करने में भागीदार बनें। विधायक साहू ने कहा कि आपको हमेशा यह भी याद रखना होगा कि आगे आपकी भूमिका लोक-सेवक की होगी। आपको अपने दायित्वों निर्वहन में धैर्य, विनम्रता और लोक-सेवक की सीमाओं का हमेशा ध्यान रखना होगा। विधायक साहू चयनित छात्रा मोनिका वर्मा और उनके परिजनों को सफलता के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी।

## शिक्षक की भूमिका में नजर आए कलेक्टर रणबीर



**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा जिला मुख्यालय स्थित निःशुल्क कोचिंग सेंटर श्री राम एकेडमी पहुंचे। वहां उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को पढ़ाया और उनका मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को महत्वपूर्ण परीक्षा तकनीकों और रणनीतियों के बारे में जानकारी दी, जिससे उन्हें अपनी तैयारी को बेहतर बनाने में सहायता मिले। उनके इस प्रेरणादायक कदम से छात्रों को आत्मविश्वास मिला और वे अपने लक्ष्य की ओर और दृढ़ता से बढ़ने के लिए प्रोत्साहित हुए। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने श्री राम एकेडमी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को करियर गाइडेंस की जानकारी भी दी। उन्होंने छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में बताया और यह भी समझाया कि किस प्रकार सही दिशा में मेहनत और योजना बनाकर वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

- नि :शुल्क कोचिंग सेंटर श्री राम एकेडमी में युवाओं का किया मार्गदर्शन

उन्होंने छात्रों को सरकारी सेवाओं, निजी क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों में संभावनाओं के बारे में जानकारी दी, साथ ही करियर चयन करते समय रुचियों और क्षमताओं के महत्व पर जोर दिया।

### जिज्ञासाओं का किया समाधान

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने श्री राम एकेडमी में विद्यार्थियों से सवाल-जवाब का सत्र भी आयोजित किया। इस सत्र के दौरान उन्होंने छात्रों से उनकी तैयारी, लक्ष्यों और करियर से संबंधित प्रश्न पूछे। इसके अलावा, छात्रों को अपनी शंकाओं को दूर करने का अवसर भी मिला, जिससे उन्होंने खुलकर अपने विचार और समस्याएं साझा की। कलेक्टर ने उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें बेहतर तैयारी के लिए आवश्यक सुझाव दिए और उनकी समझ को और मजबूत किया।

## अधिकारी अनुशासन व समर्पण के साथ सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करें : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की।

- कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में शासकीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी के दौरान कोचिया, बिचौलियों द्वारा किसी भी प्रकार से अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में बारदाना, किसानों के लिए छाया, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी से ली। कलेक्टर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को आगामी निर्वाचन कार्य के लिए रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति, सेक्टर ऑफिसर की नियुक्ति, रूट चार्ट, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष की स्थापना, मतदान केंद्रों की सुव्यस्थित स्थापना, मतदान दलों तथा सेक्टर ऑफिसर सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के लिए वाहन आदि की जानकारी संकलित कर निर्धारित समय पर सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई- केवायसी, आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए है। उन्होंने सहकारिता विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

**पूर्व विधायक ने हसदा एवं भिभौरी धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण**

# भाजपा सरकार प्रतिदिन नए नियम लाकर किसानों को परेशान कर रही है : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी आह्वान पर चलाए जा रहे धान खरीदी केंद्र चलो अभियान अंतर्गत बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में ग्राम हसदा तथा भिभौरी सहित अन्य धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। पूर्व विधायक ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा प्रतिदिन नये नये नियम लाकर किसानों को परेशान किया जा रहा है। साथ ही धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने नहीं हैं।

कई धान खरीदी केंद्र में 50 प्रतिशत ही मात्र बारदाने हैं, वही किसी जगह कम है। इस दौरान किसानों ने पूर्व विधायक को बताया कि धान खरीदी केंद्रों में धान गीला है कहकर लौटाया जा रहा है। विधायक ने कहा भाजपा ने घोषणा की थी कि धान खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर करेंगे ओर एक मुश्त राशि किसानों के खातों में दी जाएगी, जबकि धान बेचने वाले किसान बता रहे हैं कि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर 2320 रुपए ही धान के प्रति क्विंटल के हिसाब से उनके खातों में राशि भेजी गई है इस तरह भाजपा सरकार 3100 में धान खरीदने की, बात अपने चुनावी घोषणा पत्र में की थी उसे भी पूरी नहीं कर रही है। श्री छाबड़ा ने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में राइस मिलरों द्वारा धान का उठाव नहीं किए जाने से खरीदी केन्द्र में धान जाम हो रहा है। इससे किसानों के धान रखने की समस्या खड़ी हो रही है।



### तौल में अंतर

श्री छाबड़ा ने कहा कि निरीक्षण के दौरान किसानों ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों में तौल में भी बहुत अंतर है। कहीं प्रति बोर 40 किलो 700 ग्राम तो कहीं 41 किलो 200 ग्राम धान तौला जा रहा है।उन्होंने कहा कि ऐसा किसानों को क्षति पहुंचाने की नियत से किया जा रहा है। श्री छाबड़ा ने कहा कि अभी जिस रफ्तार में धान की खरीदी केन्द्र में की जा रही है, उससे तो प्रतीत होता है कि पूरे जिले में मार्च माह तक धान की खरीदी नहीं की जा सकेगी। सरकार अगर किसानों के साथ न्याय करना चाहती है तो उसे प्रतिदिन धान खरीदी की सीमा बढ़ानी होगी। साथ ही साथ धान खरीदी के लिए अंतिम तिथि 31 जनवरी को आगे बढ़ना होगा, क्योंकि राइस मिलों के द्वारा धान का परिवहन नहीं किए जाने के कारण अधिकांश सोसाइटियों में धान जाम पड़ा हुआ है जिससे खरीदी रुकी हुई है। श्री छाबड़ा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार धान खरीदना ही नहीं चाहती। निरीक्षण के दौरान विनोद परगनिहा पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति हसदा, शिवा चंद्रवंशी पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति भिभौरी ,चंद्र विजय धीवर रवि परगनिहा ,टिकेंद्र परगनिहा, राजेश वर्मा, धनराज बंजारे ,चेतन बंजारे ,एम डी धीवर , कुंजलाल साहू, राजेंद्र वर्मा ,शोभाराम साहू ,किशोर दुबे, मोनल सिन्हा ,अर्पित परगनिहा ,राजकुमार सेन ,गोविंदा राजपूत बसीर खान रूपेंद्र नेवल कृष्ण चतुर्वेदी अनिल सेन जितेंद्र जोशी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।